मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-239
01/05/2021

बिहार विधान परिषद के सदस्य हरिनारायण चौधरी के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

- राजकीय सम्मान के साथ किया जायेगा अंतिम संस्कार

पटना, 01 मई 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बिहार विधान परिषद के सदस्य हरिनारायण चौधरी के कोरोना से निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि हरिनारायण चौधरी लोगों के बीच काफी लोकप्रिय थे। सामाजिक कार्यों में उनकी गहरी अभिरूचि थी। उन्होंने अपने व्यक्तित्व की बदौलत समाज के सभी वर्गों का आदर एवं सम्मान प्राप्त किया। उनका निधन राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र के लिये अपूरणीय क्षति है। उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******